# Class - VIII
# Subject - HINDI GRAMMAR
## पाठ – 4 शब्द निर्माण – संधि

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर याद कर लिखें।

क. संधि किसे कहा जाता है? उदाहरण देकर समझाइए।

उत्तर दो वर्णों के मेल से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे संधि कहते हैं।

जैसे – देव + आलय = देवालय

परम + ईश्वर = परमेश्वर

दया + आनंद = दयानंद

दिन + ईश = दिनेश

ख. संधि के कितने भेद होते हैं? प्रत्येक का नाम लिखें।

उत्तर संधि के तीन भेद होते हैं :–

1. स्वर संधि
2. व्यंजन संधि और
3. विसर्ग संधि

ग. संधि–विच्छेद किसे कहा जाता है?

उत्तर संधि से बने शब्द को अलग–अलग करना संधि–विच्छेद कहलाता है।

घ. स्वर संधि की परिभाषा लिखें।

उत्तर दो स्वरों के मेल से होने वाले परिवर्तन को स्वर संधि कहते हैं।

जैसे – सुख + अर्थ = सुखार्थ

ङ व्यंजन संधि की परिभाषा लिखें।

उत्तर किसी व्यंजन का व्यंजन से या फिर व्यंजन का स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं।